No. of Printed Pages : 8

**CFN-3**

# CERTIFICATE PROGRAMME IN FOOD AND NUTRITION (CFN)

## Term-End Examination

## June, 2019

06684

## CFN-3 : ECONOMICS OF FOOD

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Question no. 1 is **compulsory**. Answer **five** questions in all. All questions carry equal marks.*

1. (a) List any two commodities in which adulteration can be detected and two commodities in which adulteration cannot be detected. 2

(b) Differentiate between the following : 2+2+2+2+2

(i) Foreign Matter and Waste Matter

(ii) Broilers and Layers in the context of poultry farming

(iii) Food Subsidy and Agriculture Subsidy

(iv) Miltone and Fortification

(v) Fish by-products and Value-added fish products

(c) List any two foods for which standards are available. Indicate the standards for each food item. *2*

(d) List any four commodities whose distribution is carried out by the Central Government. *2*

(e) Define the following : *2+2*

(i) Market Price

(ii) Issue Price

**2.** (a) Comment on how the expenditure on food is the influenced by income. Explain briefly in context of different income groups, giving appropriate examples. *10*

(b) Explain the following briefly : *5+5*

(i) Three distinct ration cards are issued under TPDS

(ii) Food budgeting and how it helps us

**3.** (a) List any four common nutritional deficiencies affecting vulnerable groups in our country. *2*

(b) What do you understand by nutrition prophylaxis ? List any two national nutritional prophylaxis programmes. Describe any one of them. *2+1+5*

(c) Explain the operation of the following feeding programmes in our country : *5+5*

(i) Integrated Child Development Services

(ii) Mid-Day-Meal Programme

4. (a) Explain the concept of kitchen garden highlighting its uses and the types of plants which can be planted in a kitchen garden. *10*

(b) What is the National Agriculture Policy ? *5*

(c) What is a poultry enterprise ? List the Government schemes or programmes launched by the Government for poultry development. *2+3*

5. (a) Define Pisciculture. Elaborate on the fisheries development schemes implemented by the Government. *2+8*

(b) Explain Operation Flood. Elaborate on how Operation Flood has helped farmers in income generation. *2+8*

6. (a) What are the different sources of food spoilage ? *5*

(b) Briefly discuss how the grading of foods can ensure quality food to consumers. Give appropriate examples. *5*

(c) Explain the role of mass media in consumer education. *5*

(d) What is the Consumer Protection Act, 1986 ? *5*

7. (a) What is food adulteration ? Explain briefly how adulteration is carried out in different food commodities, giving examples. *2+8*

   (b) What are fair price shops ? Discuss their relevance to consumers. *2+4*

   (c) Write a brief note on different sources from which you can obtain food. List one food you can obtain from these sources. *4*

8. Write short notes on any ***four*** of the following : *5+5+5+5*

   (a) Aquaculture

   (b) Role of Animal Husbandry in Indian Economy

   (c) Pradhan Mantri Gramodaya Yojana (PMGY)

   (d) Dairy Development Scheme for Quality and Clean Milk Production

   (e) Agricultural inputs for which subsidies are given by the Government

सी.एफ.एन.-3

# भोजन और पोषण में प्रमाण-पत्र कार्यक्रम (सी.एफ.एन.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2019

## सी.एफ.एन.-3 : भोजन का आर्थिक पक्ष

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

*नोट : प्रश्न सं. 1 अनिवार्य है । कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

---

1. (क) किन्हीं दो वस्तुओं को सूचीबद्ध कीजिए जिनमें मिलावट का पता लगाया जा सकता है और किन्हीं दो ऐसी वस्तुओं को सूचीबद्ध कीजिए जिनमें मिलावट का पता नहीं लगाया जा सकता । 2

(ख) निम्नलिखित के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए : 2+2+2+2+2

(i) बाहरी पदार्थ और अपशिष्ट पदार्थ

(ii) मुर्गीपालन के संदर्भ में ब्रॉयलर और लेयर

(iii) खाद्य-पदार्थों पर मिलने वाली आर्थिक सहायता और कृषि-आर्थिक सहायता

(iv) मिल्टोन और फोर्टिफिकेशन

(v) मछली के उप-उत्पाद और मूल्य-संवर्धित मछली उत्पाद

(ग) कोई दो ऐसे खाद्य-पदार्थों को सूचीबद्ध कीजिए जिनके लिए मानक उपलब्ध हैं । प्रत्येक खाद्य-पदार्थ के लिए मानक बताइए । *2*

(घ) कोई ऐसी चार वस्तुओं को सूचीबद्ध कीजिए जिनका वितरण केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है । *2*

(ङ) निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए : *2+2*

(i) बाज़ार मूल्य

(ii) निर्धारित मूल्य

**2.** (क) भोजन पर होने वाला व्यय आय से किस प्रकार प्रभावित होता है, टिप्पणी कीजिए । उचित उदाहरण देते हुए विभिन्न आय वर्गों के संदर्भ में संक्षेप में स्पष्ट कीजिए । *10*

(ख) निम्नलिखित को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए : *5+5*

(i) टी.पी.डी.एस. के अंतर्गत तीन अलग-अलग राशन कार्ड जारी किए जाते हैं

(ii) भोजन का बजट बनाना और यह किस तरह हमारे लिए मददगार होता है

**3.** (क) हमारे देश में संवेदनशील समूहों को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार सामान्य पोषणहीनताजन्य विकारों को सूचीबद्ध कीजिए । *2*

(ख) पोषण रोग-निरोध से आप क्या समझते हैं ? किन्हीं दो राष्ट्रीय पोषणात्मक रोग-निरोध कार्यक्रमों के नाम बताइए । इनमें से किसी एक का वर्णन कीजिए । *2+1+5*

(ग) हमारे देश में निम्नलिखित आहार कार्यक्रमों के संचालन को स्पष्ट कीजिए : *5+5*

(i) समन्वित बाल विकास सेवाएँ

(ii) मध्याह्न भोजन कार्यक्रम

4. (क) घरेलू बागवानी के प्रयोगों और इसमें उगाए जा सकने वाले विभिन्न प्रकार के पौधों पर प्रकाश डालते हुए, घरेलू बागवानी की संकल्पना की व्याख्या कीजिए । 10

(ख) राष्ट्रीय कृषि नीति क्या है ? 5

(ग) मुर्गीपालन उद्यम क्या है ? मुर्गीपालन विकास के लिए सरकार द्वारा चलाई गई सरकारी स्कीमों या कार्यक्रमों को सूचीबद्ध कीजिए । 2+3

5. (क) मत्स्यपालन को परिभाषित कीजिए । सरकार द्वारा कार्यान्वित मछलीपालन विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दीजिए । 2+8

(ख) ऑपरेशन फ्लड की व्याख्या कीजिए । ऑपरेशन फ्लड किसानों की आय-सृजन में किस प्रकार सहायक होता है, विस्तारपूर्वक बताइए । 2+8

6. (क) खाद्य-पदार्थों के खराब होने के विभिन्न स्रोत क्या हैं ? 5

(ख) श्रेणीकरण उपभोक्ताओं के लिए किस प्रकार गुणवत्तापूर्ण खाद्य-पदार्थ सुनिश्चित कर सकता है, संक्षेप में चर्चा कीजिए । उपयुक्त उदाहरण भी दीजिए । 5

(ग) उपभोक्ता को शिक्षित करने में जन संचार की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । 5

(घ) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 क्या है ? 5

7. (क) खाद्य अपमिश्रण क्या है ? उदाहरण देते हुए संक्षेप में स्पष्ट कीजिए कि विभिन्न खाद्य-पदार्थों में मिलावट कैसे की जाती है । *2+8*

(ख) उचित दर की दुकानें क्या होती हैं ? उपभोक्ताओं के लिए इनकी प्रासंगिकता की चर्चा कीजिए । *2+4*

(ग) उन विभिन्न स्रोतों पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिए जिनसे खाद्य-पदार्थ प्राप्त किए जा सकते हैं । इन स्रोतों से प्राप्त हो सकने वाले एक-एक खाद्य-पदार्थ का नाम बताइए । *4*

8. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : *5+5+5+5*

(क) जल कृषि (एक्वाकल्चर)

(ख) भारतीय अर्थव्यवस्था में पशुपालन की भूमिका

(ग) प्रधान मंत्री ग्रामोदय योजना (PMGY)

(घ) गुणवत्तापूर्ण व स्वच्छ दुग्ध उत्पादन के लिए डेयरी विकास योजना

(ङ) कृषि आगतें जिनके . सरकार द्वारा आर्थिक सहायताएँ दी जाती हैं